# सिद्धों—कान्हू युवा खेल क्लब, ग्राम—सुण्डीशोल, प्रखण्ड—धालभूमगढ़, जिला— पुर्वी सिंहभूम

## का स्मृति पत्र

1. **संस्था का नामः— सिद्धों—कान्हू युवा खेल क्लब, ग्राम—सुण्डीशोल, प्रखण्ड—धालभूमगढ़, जिला— पुर्वी सिंहभूम।**
2. **संस्था का निबंधित कार्यालयः— श्री भगवत हाँसदा सचिव के मकान में सिद्धों—कान्हू युवा खेल क्लब,ग्राम— सुण्डीशोल, पोस्ट—पाण्डुदा, प्रखण्ड—धालभूमगढ़, जिला— पुर्वी सिंहभूम, झारखण्ड—832302**
3. **कार्यक्षेत्र :—ग्राम— सुण्डीशोल, प्रखण्ड—धालभूमगढ़,**
4. **संस्था का उद्देश्यः—**

**संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवसायिक कार्य नहीं किया जायेगा**

- **"सिद्धो—कान्हू युवा खेल क्लब"** खेलकूद, सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक, कला, विकास कार्य, कौशल विकास एवं अन्य लोक कल्याणकारी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।
- ***सांस्कृतिकः—*** **सिद्धो—कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने क्षेत्र की हरेक सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।
- **"सिद्धो—कान्हू युवा खेल क्लब"** स्थानीय पर्व त्योहारों की विशिष्ट परम्पराओं को संजोएँ रखने का प्रयास करेंगे।
- **"सिद्धों—कान्हू युवा खेल क्लब"** उस क्षेत्र की विशिष्ट नृत्य कला, गायन कला, वाद्य वादन कला, चित्रकला, नाट्य कला आदि के अनुरक्षण, संवर्धन एवं परिवर्द्धन करने का विधिवत प्रयास करेंगे।
- **"सिद्धो—कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने क्षेत्र के ऐतिहासिक या पुरातात्विक महत्त्व के धरोहर के संरक्षण एवं विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।
- **"प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो—कान्हू युवा खेल क्लब"** एवं **"जिला स्तरीय सिद्धो—कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने प्रखण्ड/जिला की नृत्य, गायन, चित्रकला, वाद्य वादन कला, नाट्य कला की विशिष्ट युवा प्रतिभा को तराशने, निखारने, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करवाने हेतु विधिवत प्रयास करेगा।
- ***सामाजिकः—*** **"सिद्धो—कान्हू युवा खेल क्लब"** समाज में व्याप्त शराबखोरी, नशापान, डायनप्रथा, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, कन्या अशिक्षा आदि के खिलाफ निरन्तर अभियान चलायेगा।

| Chandray Hembram | Bhagwat Hansda | Durga Mandi |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** जाति, धर्म, लिंग, नस्ल, जन्मस्थान के भेदभावों को दूर कर युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं बंधुत्व के भाव जगाने हेतु निरन्तर प्रयास करेगा।
- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** विभिन्न महापुरूषों की जयंतियों पर लेखन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। भारतीय संविधान आधारित विभिन्न विद्वानों के व्याख्यान आयोजित करेंगे।
- ***<u>साहित्यिक:–</u>*** **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण साहित्यकारों एवं जयशंकर प्रसाद, प्रेमचन्द, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जैसे राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकारों के जन्म दिन के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।
- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने क्षेत्र की विशिष्ट मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्द्धन एवं परिवर्द्धन का हर संभव प्रयास करेंगे।
- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने क्षेत्र विशेष की भाषा की लिखित/मौखिक साहित्य के अभिलेखन, प्रकाशन, प्रचार–प्रसार में महती भूमिका निभायेंगे।
- ***<u>खेलकूद:–</u>*** "सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब" राज्य में फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स एवं अन्य देशज पारंपरिक खेलों को चरणबद्ध तरीके से लोकप्रिय बनाने का कार्य करेंगे।
- **"ग्राम स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** गाँवों में फुटबॉल/हॉकी या अन्य अभिरूचि के खेलों के पुरूष एवं महिला टीम का गठन करेंगे। इन टीमों के गठन में **"ग्राम स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** मार्गदर्शी की भूमिका निभायेंगे।
- **"ग्राम स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों के माध्यम से चयन कर एक **"ग्राम स्तरीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति"** का गठन करेंगे।
- **"ग्राम स्तरीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति"** ग्राम स्तर पर ग्रामीण सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लबों की फुटबॉल/हॉकी या अन्य खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित करेगी। ये सभी मैच लीग मैच के रूप में खेले जायेंगे। इन मैचों के क्रम में ग्राम स्तर की टीम के लिए उपयुक्त खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।
- **"प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के माध्यम से चयन कर **"प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति"** का गठन करेंगे।
- **"प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति"** प्रखण्ड स्तर पर ग्रामों की विभिन्न खेलों की टीमों का लीग मैच आयोजित करेगी। इन मैचों के दौरान प्रखण्ड स्तर की टीम हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।
- **"जिला स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के माध्यम से चयन कर **"जिला स्तरीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति"** का गठन करेंगे।

| Chandraj Hembram | Bhagwat Hansda | Durga Mandi |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

- **"जिला स्तरीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति"** जिला स्तर पर प्रखण्डों की विभिन्न खेलों की टीमों का लीग मैच आयोजित करेगी। इन मैचों के दौरान जिला स्तर की टीम हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।
- **"प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** एवं **"जिला स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** प्रखण्ड/जिला की खेल प्रतिभाओं को तराशने, निखारने, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करवाने हेतु विधिवत प्रयास करेंगे।
- **"झारखण्ड खेल प्राधिकरण"** जिला स्तरीय गठित विभिन्न खेलों की टीमों के बीच निरन्तर प्रतियोगिताएँ आयोजित करेगा। इन आयोजनों के क्रम में राज्य स्तरीय टीमों का गठन करेगा। साथ ही झारखण्ड खेल प्राधिकरण अपने संकल्प के अनुरूप खेलकूद एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु हर संभव कार्य करेंगा।
- **"जिला स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के मध्यम से एक **"स्टेडियम संचालन समिति"** का गठन करेगी।
- **"स्टेडियम संचालन समिति"** अपने जिले के स्टेडियमों या अन्य खेल संरचनाओं के रख–रखाव, संरक्षण, विकास एवं अन्य गतिविधियों की जिम्मेवारियों का निर्वहन करेगी। साथ ही उसकी निम्नवत जिम्मेवारियाँ होगी:–
    - (i) उक्त समिति खेल मैदान, स्टेडियम एवं खेल भवनों का आवंटन करना, इनकी सुरक्षा की व्यवस्था करना एवं इनका अनुरक्षण करना।
    - (ii) खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करना।
    - (iii) खेल मैदान, स्टेडियम एवं खेल भवनों के आवंटन के लिए शुल्क तय करना और उसकी वसूली करना।
    - (iv) अन्य श्रोतों से आय बढ़ाने के उपाय करना।
    - (v) स्टेडियम एवं खेल भवनों के कतिपय हिस्से को पट्टा (लीज) पर देना (किन्तु किसी भी परिस्थिति में स्वामित्व देने का अधिकार नहीं होगा)
- ***विकास कार्यः–*** "सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब" विकास कार्य से जुड़े सभी संवैधानिक निकायों (Statutory bodies) को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेंगे।
- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** का यह सहयोग ग्राम स्तरीय आम सभा के आयोजन से लेकर विकास कार्यो से सम्बद्ध प्राक्कलन/विपत्रों/व्यय विवरणी/अंकेक्षण प्रतिवेदन आदि की आम सभा में व्याख्या करने एवं क्रियान्वित करने तक होगा।
- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** केन्द्र एवं राज्य सम्पोषित विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में आम जनों को जागृत करने, उनकी नियमावलियों से सुपरिचित करवाने एवं उसके लाभ उठाने की प्रक्रिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभायेंगे।

| Chandray Hembram | Bhagwat Hansda | Ourja Mandi |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **सचिव** | **कोषाध्यक्ष** |

- **"जिला स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के ऐसे युवा सदस्यों जिनकी विकास की विभिन्न योजनाओं की नियमावलियों आदि में विशेष अभिरूचि हो उन्हें मुख्य (मास्टर) प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण करवाने की व्यवस्था करेंगे।
- प्रशिक्षण के उपरान्त **"जिला स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** के मास्टर प्रशिक्षक **"प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** के इच्छुक सदस्यों को प्रशिक्षित करेंगे। इस प्रकार प्रशिक्षण की यह प्रक्रिया ग्राम स्तर तक अपनायी जायेगी।
- ***कौशल विकासः–*** **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** ग्रामीण कारीगरी या अन्य हूनर में नैसर्गिक प्रतिभा या अभिरूचि लेने वाले युवाओं को चिन्हित कर विहित प्रक्रिया के तहत उच्च कोटि के प्रशिक्षण प्रदान करवाने में महती भूमिका निभायेंगे।
- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** युवा कारीगरों/हूनरमन्दों के उत्पादों की डिजाइनिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग में अभिवृद्धि हेतु उपायुक्त या झारक्राफ्ट जैसी संस्था की मदद से हर संभव प्रयास करेंगे।
- ***अन्य लोक कल्याणकारी कार्यः–*** **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"**, टीकाकरण, गर्भवती–धात्री माताओं की स्वास्थ्य जागरूकता, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, नदी नालों की स्वच्छता आदि अभियानों में महती भूमिका निभायेंगे।
- **"सिद्धो–कान्हू युवा खेल क्लब"** सांसद/विधायक मद से अपने गाँव/ग्राम/प्रखण्ड/ जिला मुख्यालय में पुस्तकालय एवं जिम्नाज्यिम हेतु भवन का निर्माण करवायेंगे। भवन निर्माण के उपरान्त इसमें **"बिरसा पुस्तकालय"** एवं **"दिशोम जिम्नाज्यिम"** का संचालन करेंगे।

Chandray Hembram — Bhagwat Hansda — Durga Mandi

| | | |
|---|---|---|
| Chandray Hembram | Bhagwat Hansda | Durga Mandi |
| **अध्यक्ष** | **सचिव** | **कोषाध्यक्ष** |